**भारत सरकार**
**योजना मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 639**
**दिनांक 16 सितम्बर, 2020 को उत्तर देने के लिए**

**आकांक्षी जिला कार्यक्रम**

**639. श्री बिद्युत बरन महतो:**
**श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:**
**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत उद्योग, शिक्षा, अवसंरचना और स्वास्थ्य परिचर्या के विकास के लिए चिह्नित पिछड़े जिलों की झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित संख्या कितनी है;

(ख) उपरोक्त एडीपी के लिए कितनी राशि/निधि स्वीकृत की गई है;

(ग) अब तक जारी की गई राशि और परियोजनाओं की स्थिति क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पिछड़े जिलों में कार्यरत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में और अधिक जिलों को आकांक्षी जिलों में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय**
**तथा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) सरकार ने 112 जिलों की पहचान की है, जिन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचे से संबंधित प्रमुख सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में अपेक्षाकृत कम प्रगति दिखाई है। इन जिलों को तेजी से विकास के लिए लिया गया है और ये आकांक्षी जिलों

के नाम से जाने जाते हैं। झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के जिलों सहित 112 आकांक्षी जिलों की राज्यवार सूची अनुलग्नक - I में दी गई है।

(ख) आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत, अतिरिक्त निधि के किसी बड़े निषेक की परिकल्पना नहीं की गई है। इसके बजाय, कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकारों की मौजूदा योजनाओं में अभिसरण की कार्यनीति का उपयोग किया गया है, हासिल की गई प्रगति की रैंकिंग के आधार पर बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला टीमों के बीच प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों और प्रतिस्पर्धा की सुदृढ़ निगरानी की गई है। साथ ही, बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त आवंटन देने का प्रावधान जोड़ा गया है। इस पहल के तहत, जिन जिलों ने एक महीने में समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ और दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्राप्त किया है, उन्हें क्रमशः 10 करोड़ रुपए और 5 करोड़ रुपए का वन-टाइम अतिरिक्त आवंटन दिया जाता है। इसके अलावा, व्यक्तिगत क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा आदि में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में से प्रत्येक को 3 करोड़ रुपये का वन-टाइम अतिरिक्त आवंटन दिया जाता है। ऐसे जिलों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या, जिन्होंने इस प्रावधान की शुरुआत के बाद से अच्छा प्रदर्शन दिखाया है, अनुलग्नक- II में दी गई है।

(ग) एवं (घ) उपर्युक्त (ख) में उल्लिखित अतिरिक्त आवंटन के पात्र बनने के बाद, एक जिला नवीन परियोजनाओं की पहचान करता है और उनकी मंजूरी के लिए भारत सरकार में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति को उसे प्रस्तुत करता है। एक बार परियोजनाओं के लिए मंजूरी प्राप्त होने पर, बजटीय उपलब्धता के अधीन जिलों को निधि जारी की जाती है। झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के जिलों में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची, अब तक स्वीकृत और जारी की गई राशि उपरोक्त अनुलग्नक II में तालिका में दर्शाई गई है। इन परियोजनाओं को राज्य सरकारों के मौजूदा वित्तीय नियमों के अनुसार निष्पादित किया जाना है और वर्तमान में कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

(ङ) वर्तमान में किसी भी अतिरिक्त जिले को आकांक्षी जिले के रूप में लेने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**अनुलग्नक-I**

| 112 आकांक्षी जिलों की सूची | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **ज़िला** |
| 1 | आंध्रप्रदेश | विजयनगरम |
| 2 | आंध्रप्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 3 | आंध्रप्रदेश | वाईएसआर कडपा |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | नमसाई |
| 5 | असम | ग्वालपाड़ा |
| 6 | असम | बारपेटा |
| 7 | असम | हैलाकांडी |
| 8 | असम | बक्सा |
| 9 | असम | दरांग |
| 10 | असम | उदालगुड़ी |
| 11 | असम | धुबरी |
| 12 | बिहार | सीतामढ़ी |
| 13 | बिहार | अररिया |
| 14 | बिहार | पूर्णिया |
| 15 | बिहार | कटिहार |
| 16 | बिहार | मुजफ्फरपुर |
| 17 | बिहार | बेगूसराय |
| 18 | बिहार | खगड़िया |
| 19 | बिहार | बांका |
| 20 | बिहार | शेखपुरा |
| 21 | बिहार | औरंगाबाद |
| 22 | बिहार | गया |
| 23 | बिहार | नवादा |
| 24 | बिहार | जमुई |
| 25 | छतीसगढ़ | कोरबा |
| 26 | छतीसगढ़ | राजनंदगांव |
| 27 | छतीसगढ़ | महासमुंद |
| 28 | छतीसगढ़ | कांकेर |
| 29 | छतीसगढ़ | नारायणपुर |
| 30 | छतीसगढ़ | दंतेवाड़ा |
| 31 | छतीसगढ़ | बीजापुर |
| 32 | छतीसगढ़ | बस्तर |
| 33 | छतीसगढ़ | कोंडागांव |
| 34 | छतीसगढ़ | सुकमा |
| 35 | गुजरात | दाहोद |
| 36 | गुजरात | नर्मदा |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | हरियाणा | मेवात |
| 38 | हिमाचल प्रदेश | चंबा |
| 39 | जम्मू और कश्मीर | कुपवाड़ा |
| 40 | जम्मू और कश्मीर | बारामूला |
| 41 | झारखंड | गढ़वा |
| 42 | झारखंड | चतरा |
| 43 | झारखंड | गिरिडीह |
| 44 | झारखंड | गोड्डा |
| 45 | झारखंड | साहिबगंज |
| 46 | झारखंड | पाकुड़ |
| 47 | झारखंड | बोकारो |
| 48 | झारखंड | लोहरदगा |
| 49 | झारखंड | पूर्वी सिंहभूम |
| 50 | झारखंड | पलामू |
| 51 | झारखंड | लातेहार |
| 52 | झारखंड | हजारीबाग |
| 53 | झारखंड | रामगढ़ |
| 54 | झारखंड | दुमका |
| 55 | झारखंड | रांची |
| 56 | झारखंड | खूंटी |
| 57 | झारखंड | गुमला |
| 58 | झारखंड | सिमडेगा |
| 59 | झारखंड | पश्चिमी सिंहभूम |
| 60 | कर्नाटक | रायचूर |
| 61 | कर्नाटक | यादगीर |
| 62 | केरल | वायनाड |
| 63 | मध्यप्रदेश | छतरपुर |
| 64 | मध्यप्रदेश | दमोह |
| 65 | मध्यप्रदेश | बड़वानी |
| 66 | मध्यप्रदेश | राजगढ़ |
| 67 | मध्यप्रदेश | विदिशा |
| 68 | मध्यप्रदेश | गुना |
| 69 | मध्यप्रदेश | सिंगरौली |
| 70 | मध्यप्रदेश | खंडवा |
| 71 | महाराष्ट्र | नंदुरबार |
| 72 | महाराष्ट्र | वाशिम |
| 73 | महाराष्ट्र | गडचिरौली |
| 74 | महाराष्ट्र | उस्मानाबाद |
| 75 | मणिपुर | चंदेल |
| 76 | मेघालय | रिभोई |

| | | |
|---|---|---|
| 77 | मिज़ोरम | मामित |
| 78 | नगालैंड | किफाइर |
| 79 | ओडिशा | ढेंकनाल |
| 80 | ओडिशा | गजपति |
| 81 | ओडिशा | कंधमाल |
| 82 | ओडिशा | बलांगीर |
| 83 | ओडिशा | कालाहांडी |
| 84 | ओडिशा | रायगढ़ |
| 85 | ओडिशा | कोरापुट |
| 86 | ओडिशा | मल्कानगिरी |
| 87 | ओडिशा | नवरंगपुर |
| 88 | ओडिशा | नुआपाड़ा |
| 89 | पंजाब | मोगा |
| 90 | पंजाब | फिरोजपुर |
| 91 | राजस्थान | धौलपुर |
| 92 | राजस्थान | करौली |
| 93 | राजस्थान | जैसलमेर |
| 94 | राजस्थान | सिरोही |
| 95 | राजस्थान | बारन |
| 96 | सिक्किम | पश्चिम सिक्किम |
| 97 | तमिलनाडु | विरुधुनगर |
| 98 | तमिलनाडु | रामनाथपुरम |
| 99 | तेलंगाना | आसिफाबाद |
| 100 | तेलंगाना | भोपापल्ली |
| 101 | तेलंगाना | भद्राद्रि कोठागुडेम |
| 102 | त्रिपुरा | धलाई |
| 103 | उत्तरप्रदेश | चित्रकूट |
| 104 | उत्तरप्रदेश | फतेहपुर |
| 105 | उत्तरप्रदेश | बहराईच |
| 106 | उत्तरप्रदेश | श्रावस्ती |
| 107 | उत्तरप्रदेश | बलरामपुर |
| 108 | उत्तरप्रदेश | सिद्धार्थनगर |
| 109 | उत्तरप्रदेश | चंदौली |
| 110 | उत्तरप्रदेश | सोनभद्र |
| 111 | उत्तराखंड | उधम सिंह नगर |
| 112 | उत्तराखंड | हरिद्वार |

**अनुलग्नक- II**

| क्र.सं. | जिला और राज्य | स्वीकृत परियोजनाएं | स्वीकृत राशि (रु.) | जारी राशि (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्बी सिंहभूम (झारखंड) | नूतनवाड़ी (मॉडल आंगनवाड़ी) | 29,997,000 | 29,997,000 |
| | | **कुल** | **29,997,000** | **29,997,000** |
| 2 | खूंटी (झारखंड) | महिला साक्षरता (महिला साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से खूंटी में एसएचजी समूह का सशक्तिकरण) | 3,000,000 | 3,000,000 |
| | | सपनो को उड़ान (छात्रों को कैरियर विकास सहायता प्रदान करना) | 5,000,000 | 5,000,000 |
| | | स्कूलों में कंप्यूटर प्रयोगशालाओं की स्थापना | 4,500,000 | 4,500,000 |
| | | जिला पुस्तकालय का उन्नयन | 1,500,000 | 1,500,000 |
| | | स्कूलों में मिनी लाइब्रेरी | 3,040,000 | 3,040,000 |
| | | मॉडल स्कूल के लिए परिवहन | 1,560,000 | 1,560,000 |
| | | साइंस नॉलेज पार्क | 6,500,000 | 6,500,000 |
| | | स्मार्ट कक्षाएं | 4,900,000 | 4,900,000 |
| | | **कुल** | **30,000,000** | **30,000,000** |
| 3 | दमोह (मध्य प्रदेश) | उपस्थिति और नामांकन में सुधार लाने के उद्देश्य से स्कूल की अवसंरचना में सुधार | 10,200,000 | 10200000 |
| | | जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधा में सुधार और निर्माण कार्य | 19,787,000 | 19,787,000 |
| | | **कुल** | **29,987,000** | **29,987,000** |
| 4 | साहिबगंज (झारखंड) | 1 वर्ष के लिए 11 विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती | 23,940,000 | 23,940,000 |
| | | एसएएम के साथ बच्चों के समुदाय आधारित प्रबंधन की स्थापना | 14,200,000 | 14,200,000 |
| | | दुर्गम क्षेत्रों के 300 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण | 61,133,400 | 61,133400 |
| | | **कुल** | **99,273,400** | **99,273,400** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | वाशिम (महाराष्ट्र) | सभी पीएचसी के लिए समय पर चिकित्सा उपचार में सुधार और चिकित्सा आपातकालीन सेवाओं के लिए 15 एम्बुलेंस की खरीद। | 11,250,000 | 11,250,000 |
| | | प्रापण संबंधी जांच/लेबर टेबल (पोर्टेबल) (120 यूनिट्स), भ्रूण डॉपलर(153यूनिट्स), स्ट्राइप सहित डिजिटल हीमोग्लोबिन मीटर (183 यूनिट्स),फिंगरप्रिंट पल्स ऑक्सीमीटर (32 यूनिट्स) | 5,423,000 | 5,423,000 |
| | | 30 पीएचसी और ग्रामीण अस्पतालों में कंगारू मदर केयर (केएमसी) कमरों का निर्माण और 3520 केएमसी बैग की खरीद | 1,232,000 | 1,232,000 |
| | | टीबी रोगियों के लिए मोबाइल वैन, सीबीएनएएटी मशीन के साथ पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की खरीद | 5,620,000 | 5,620,000 |
| | | भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराष्ट्रीय विद्यालय। | 25,000,000 | 25,000,000 |
| | | 150 रिचार्ज पिट्स का निर्माण | 4,700,000 | 4,700,000 |
| | | कारदीपथ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पेटेंट किए गए मैजिक इंग्लिश प्रोग्राम का कार्यान्वयन | 25,277,380 | 25,277,380 |
| | | **कुल** | **78,502,380** | **78,502,380** |
| 6 | खंडवा (मध्य प्रदेश) | उच्च भार वितरण बिंदुओं का सुदृढीकरण | 21,000,000 | 21,000,000 |
| | | 4 बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण | 4,000,000 | 4,000,000 |
| | | शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों और सामूहिक शैक्षणिक समन्वयक का क्षमता निर्माण और नेतृत्व विकास | 4,155,984 | 4,155,984 |
| | | **कुल** | **29,155,984** | **29,155,984** |
| 7 | पाकुड़ (झारखंड) | एसएएम के साथ बच्चों का समुदाय आधारित प्रबंधन | 13,811,000 | 13,811,000 |
| | | 53 स्कूलों में 219 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति | 18,921,000 | 18,921,000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | उपस्थिति में सुधार लाने के लिए 59 पंचायतों में 118 स्वयंसेवक | 4,956,000 | 4,956,000 |
| | | गणित और अंग्रेजी के लिए 12 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण | 794,500 | 794,500 |
| | | 383 स्कूलों में बीएएलए | 11,516,900 | 11,516,900 |
| | | **कुल** | **49,999,400** | **49,999,400** |
| 8 | गुना (मध्य प्रदेश) | प्रसवपूर्व जांच के दौरान अनुकूल वातावरण के प्रावधान के माध्यम से एएनसी कवरेज में सुधार | 7,730,000 | 7,730,000 |
| | | 'आंगनवाड़ी पाठशाला' के रूप में आंगनवाड़ी का उन्नयन | 10,000,000 | 10,000,000 |
| | | शिक्षा संबल परियोजना | 6,270,000 | 6,270,000 |
| | | सुरक्षित और जैविक उत्पाद कार्यक्रम | 6,000,000 | 6,000,000 |
| | | **कुल** | **30,000,000** | **30,000,000** |
| 9 | रांची (झारखंड) | जिला आजीविका नवाचार सेल | 2,480,000 | 2,480,000 |
| | | आकांक्षी पंचायत की ट्रांसफोरमेशन-फेलोशिप (एपीटी फैलोशिप) | 47,520,000 | 47,520,000 |
| | | **कुल** | **50,000,000** | **50,000,000** |
| 10 | लोहरदगा (झारखंड) | 7 स्टेट ऑफ आर्ट स्कूलों की स्थापना - जिले के प्रत्येक ब्लॉक में एक | 30,000,000 | 0 |
| | | **कुल** | **3,00,00,000** | **0** |
| 11 | पलामू (झारखंड) | बहुपरत खेती | 20,000,000 | 56,749,068 |
| | | आरोग्य साहिया-नवीन कौशल वृद्धि और प्रशिक्षण | 40,000,000 | |
| | | पलामू में 500 एकड़ भूमि में सूक्ष्म सिंचाई का सुदृढीकरण | 40,000,000 | |
| | | **कुल** | **100,000,000** | **56,749,068** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | गढ़चिरौली (महाराष्ट्र) | जनजातीय छात्रों के लिए 'एजूकेट गढ़चिरौली' फैलोशिप | 17,482,500 | 0 |
| | | शिक्षा-12 सरकारी स्कूलों का मॉडल स्कूलों के रूप में विकास | 12,486,500 | |
| | | **कुल** | **29,969,000** | **0** |
| 13 | नंदुरबार (महाराष्ट्र) | फैलोशिप कार्यक्रम | 12,765,000 | 91,700,000 |
| | | मोटरसाइकिल एम्बुलेंस | 6,610,000 | |
| | | 693 प्राथमिक स्कूलों में 2772 कक्षाओं में बिजली की आपूर्ति | 130,284,000 | |
| | | **कुल** | **149,659,000** | **91,700,000** |
| 14 | झारखंड (सभी 19 आकांक्षी जिले) | स्कूली शिक्षा में डिजिटल अंत:क्षेपों का कार्यान्वयन | 202,500,000 | 90,000,000 |
| | | **कुल** | **202,500,001** | **90,000,000** |
| | | **झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के सभी जिलों के लिए कुल योग** | **909,043,165** | **665,364,232** |

*******